बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

विज्ञापन संख्या– 03/2015 के अन्तर्गत आयोग द्वारा दिनांक 25.09.2016 को आयोजित लेखा पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 10.03.2017 को प्रकाशित किया गया था, जिसमें 1112 उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया था। सफल घोषित उम्मीदवारों की आरक्षण कोटिवार संख्या निम्न प्रकार है:–

| क्र०सं० | कोटि | सफल उम्मीदवारों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित (01) | 529 |
| 2. | अनुसूचित जाति (02) | 161 |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (03) | 12 |
| 4. | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) | 207 |
| 5. | पिछड़ा वर्ग (05) | 141 |
| 6. | पिछड़े वर्ग की महिला (06) | 32 |
| 7. | निःशक्त | 30 |

उपर्युक्त सफल घोषित उम्मीदवारों से मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

लिखित परीक्षा चार विषयों की होगी, जिसमें दो अनिवार्य विषय क्रमशः सामान्य हिन्दी 100 अंक तथा सामान्य अध्ययन (दो पत्र), प्रत्येक पत्र 200–200 अंकों का, होंगे। इसके अतिरिक्त निम्नांकित वैकल्पिक विषयों में से किन्हीं दो विषयों को ऐच्छिक विषय के रूप में रखना होगा। उक्त ऐच्छिक विषयों के दो पत्र होंगे, जिसके लिए प्रति पत्र 200 अंक निर्धारित हैं।

**(क) अनिवार्य विषय एवं उनके कोड :–** **(i)** सामान्य हिन्दी (01), **(ii)** सामान्य अध्ययन (02)।

**(ख) वैकल्पिक विषय :–**

**(i) निम्नांकित 04 (चार) विषयों में से कोई एक ऐच्छिक विषय के रूप में लेना अनिवार्य होगा :–**

| क्रम संख्या | विषय | विषय कोड |
|---|---|---|
| 1. | वाणिज्यिक शास्त्र तथा लेखा विधि | 10 |
| 2. | अर्थशास्त्र | 11 |
| 3. | गणित | 19 |
| 4. | सांख्यिकी | 27 |

तथा **(ii) निम्नांकित वैकल्पिक विषयों में से किसी एक विषय को दूसरे ऐच्छिक विषय के रूप में रखा जा सकता है:–**

| क्रम संख्या | विषय | विषय कोड |
|---|---|---|
| 1. | कृषि विज्ञान | 04 |
| 2. | पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान | 05 |
| 3. | मानव विज्ञान | 06 |
| 4. | वनस्पति विज्ञान | 07 |
| 5. | रसायन विज्ञान | 08 |
| 6. | सिविल इंजीनियरिंग | 09 |
| 7. | विद्युत इंजीनियरिंग | 12 |
| 8. | भूगोल | 13 |
| 9. | भू–विज्ञान | 14 |
| 10. | इतिहास | 15 |
| 11. | श्रम एवं समाज कल्याण | 16 |
| 12. | विधि | 17 |
| 13. | प्रबन्ध | 18 |
| 14. | यांत्रिक इंजीनियरिंग | 20 |
| 15. | दर्शन शास्त्र | 21 |
| 16. | भौतिकी | 22 |
| 17. | राजनीति विज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय संबंध | 23 |
| 18. | मनोविज्ञान | 24 |
| 19. | लोक प्रशासन | 25 |
| 20. | समाज शास्त्र | 26 |
| 21. | प्राणी विज्ञान | 28 |
| 22. | हिन्दी भाषा और साहित्य | 29 |
| 23. | अंग्रेजी भाषा और साहित्य | 30 |
| 24. | उर्दू भाषा और साहित्य | 31 |
| 25. | बंगला भाषा और साहित्य | 32 |
| 26. | संस्कृत भाषा और साहित्य | 33 |

| | | |
|---|---|---|
| 27. | फारसी भाषा और साहित्य | 34 |
| 28. | अरबी भाषा और साहित्य | 35 |
| 29. | पाली भाषा और साहित्य | 36 |
| 30. | मैथिली भाषा और साहित्य | 37 |

**टिप्पणी** :–

1. उम्मीदवार निम्नलिखित वैकल्पिक विषय एक साथ नहीं रख सकते है :–
   (क) राजनीतिक विज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय संबंध तथा लोक प्रशासन
   (ख) वाणिज्यिक शास्त्र तथा लेखा विधि तथा प्रबंध
   (ग) मानव शास्त्र तथा समाज शास्त्र
   (घ) कृषि विज्ञान तथा पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान
   (ङ) प्रबन्ध तथा लोक प्रशासन
   (च) इंजीनियरिंग विषयों जैसे– सिविल इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग एवं यांत्रिक इंजीनियरिंग में एक से अधिक विषय नहीं।
2. उक्त सभी विषयों के पाठ्यक्रम वही होंगे जो बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 56वीं से 59वीं बैच या उसके पूर्व की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निर्धारित है।
3. प्रत्येक प्रश्न पत्र तीन घंटे की अवधि का होगा।
4. सभी भाषेत्तर विषयों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) या अंग्रेजी या उर्दू लिपि में, किसी एक भाषा में दिये जा सकते है; किसी अन्य भाषा में उत्तर देने की छूट उम्मीदवारों को नहीं होगी।
5. प्रश्न पत्रों के उत्तर देने का विकल्प लेने वाले उम्मीदवार यदि चाहें तो केवल तकनीकी शब्द, वाक्यांश/उद्धृत अंश, यदि कोई है, का, चुनी गई भाषा के साथ, अंग्रेजी रूपान्तरण दे सकते हैं।
   सामान्य हिन्दी में अर्हतांक 30 है, जो अनिवार्य है किन्तु मेधा सूची के प्रयोजनार्थ उसकी गणना नहीं की जायेगी। शेष तीन विषयों में समेकित रूप से सामान्य श्रेणी के लिए चालीस प्रतिशत (40%), पिछड़ा वर्ग के लिए साढ़े छत्तीस प्रतिशत (36.5%), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए चौंतीस प्रतिशत (34%) तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला एवं निशक्त उम्मीदवारों के लिए बत्तीस प्रतिशत (32%) अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जैसा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प ज्ञापांक 15838, दिनांक 22.12.1990 एवं पत्रांक 6708, दिनांक 01.10.2008 द्वारा विहित है। लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का साक्षत्कार होगा, जिसके लिए 300 अंक निर्धारित हैं।
   लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर मेधा सूची बनायी जाएगी, और अंतिम परीक्षाफल घोषित किया जाएगा।
6. **रिक्तियाँ** : रिक्तियों की विवरणी लेखा पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के लिए वर्ष 2015 में प्रकाशित विज्ञापन में ही उपलब्ध है।
7. **मेधा सूची**: लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को मौखिक जाँच में भाग लेने के लिए रिक्तियों की दोगुनी संख्या में आमंत्रित किया जाएगा। मौखिक जाँच 300 अंकों का होगा।
8. **अंतिम मेधा सूची** :– लिखित परीक्षा के प्राप्तांक एवं मौखिक जाँच में प्राप्त अंक को जोड़कर अंतिम मेधा सूची तैयार की जाएगी, और अंतिम परीक्षाफल घोषित किया जायगा।
9. **परीक्षा शुल्क** :– केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों को 200/– (दो सौ) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 250/– (दो सौ पचास) रूपये तथा बिहार राज्य के अन्य कोटि के उम्मीदवारों सहित सभी राज्यों के सभी कोटि के उम्मीदवारों के लिए 750/– (सात सौ पच्चास) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 800/– (आठ सौ) रूपये चालान के माध्यम से आयोग के खाता संख्या 31650243410 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा करना होगा। उक्त चालान का प्रपत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर व्यवहार में लाया जा सकता है। **उम्मीदवार चालान की एक प्रति (BPSC's Copy) आवेदन पत्र के साथ निश्चित रूप से संलग्न करेंगे तथा तीसरी प्रति (Depositor's Copy) अपने पास सुरक्षित रखेंगे।**
   **चालान को छोड़कर किसी अन्य माध्यम से शुल्क का भुगतान मान्य नहीं होगा।**

**10. अंतिम तिथि** :–

(i) भरा हुआ आवेदन पत्र केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेंजेगे कि वह **मंगलवार, दिनांक 23.05.2017** को अपराह्न 5.30 बजे तक विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को अवश्य प्राप्त हो जाए।

(ii) यदि डाक सेवा में विलम्ब के कारण किसी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र आयोग कार्यालय में निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होगा, तो वैसे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा और इसके लिए आयोग कतई जिम्मेवार नहीं होगा। किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

मुख्य (लिखित) परीक्षा में भाग लेने हेतु प्रारम्भिक परीक्षा के सफल उम्मीदवारों को निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आवेदन भरने सम्बन्धी विशिष्ट निदेश एवं विहित आवेदन प्रपत्र नीचे अंकित हैं।

## आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश

**11. प्रविष्टि**:

(i) आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ए–4 आकार (210×297 मिमी॰) के मोटे कागज पर आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर ही भेजें। **आवेदन प्रपत्र तीन पृष्ठों में ही कागज के दोनों पार होना चाहिए। निर्धारित प्रपत्र से अलग, टंकित, हस्तलिखित, मुद्रित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

(ii) **आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियाँ नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन से स्वहस्तलिपि में साफ–साफ अंकित करें। चूंकि आवेदन कम्प्यूटरीकृत प्रणाली द्वारा प्रोसेस किया जाना है, अतः यह अनिवार्य है कि आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही हो, उचित एवं**

**पूर्ण रूप से भरा हो और उसमें कोई संशोधन/परिवर्तन/ओवरराइटिंग नहीं हो। आवेदन भरने हेतु अंग्रेजी के अन्तर्राष्ट्रीय अंकों का ही प्रयोग करें।**

(iii) आवेदन पत्र में रिक्त आयतों को समुचित तरीके से इस प्रकार भरें, जैसे

(i) **आवेदन की कंडिका 1(i) में देवनागरी लिपि में नाम, यथा; स्निग्धा, इस प्रकार भरा जाय –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स्नि | न | ग | धा | | |

(ii) **हिन्दी अथवा अंग्रेजी में एक शब्द के बाद एक ब्लॉक रिक्त रखें, यथा – ANIL KUMAR RAM को बाक्स में इस तरह लिखेंगे एवं तदनुसार ही ब्लॉक को भरेंगे :–**

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | N | I | L | | K | U | M | A | R | | R | A | M |

(iii) **आवेदन की कंडिका 2(iii) में यदि आप किसी आरक्षित वर्ग से हैं तो 1 भरें एवं नहीं हैं तो 2 भरें।**

(iv) **आवेदन की कंडिका 2(iv) में, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार संबंधित आरक्षित वर्ग का कोड अनुसूचित जाति के लिये 02, अनुसूचित जनजाति के लिये 03, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये 04, पिछड़ा वर्ग के लिये 05 भरें। यदि कोई उम्मीदवार पिछड़े वर्ग की महिला कोटि के अन्तर्गत हैं तो उनके आरक्षण का दावा उनकी मूल आरक्षण कोटि के दावा के आधार पर स्वतः पिछड़े वर्ग की महिला कोटि के अन्तर्गत हो जायेगी।**

(v) जो स्तम्भ (कॉलम) उम्मीदवार से संबधित न हो अथवा उसपर लागू न हो, उसे क्रॉस (×) कर दें।

(vi) **क्रमांक 9 "शैक्षिक योग्यता" के अधीन 'प्राप्तांक'/'पूर्णांक' एवं प्रतिशत के स्तम्भों में अतिरिक्त विषय के अंक एवं प्रतिशत को नहीं जोड़ें।**

(vii) स्तम्भ (कॉलम) 11 में उम्मीदवार अपनी शारीरिक पहचान का एक विशिष्ट चिह्न अवश्य अंकित करें जो दूसरों से उनकी पहचान पृथक कर सके।

**12.** फोटोग्राफः

आवेदन पत्र के पृ॰ 1 एवं 3 पर फोटो चिपकाने हेतु छोड़े गए खाली जगह में अंकित निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। **फोटो स्टेपल न करें या सेलोटेप से न साटें। गोंद से अच्छी तरह चिपकाएँ।** दोनों फोटो प्रारम्भिक परीक्षा में प्रयुक्त फोटो के अनुरूप ही होना चाहिए। अन्य एवं अस्पष्ट फोटो आवेदन–अस्वीकृति का कारण हो सकता है।

**13.** लिफाफा एवं प्रमाण पत्रः

(i) **विहित आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियां अनुलग्नक के रूप में क्रमवार अवश्य संलग्न करें:–**

1) मैट्रिक का प्रमाण पत्र,
2) स्नातक डिग्री प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र,
3) चार्टर्ड या कॉस्ट एकाउन्टेन्सी प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र,
4) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र,
5) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र
6) विकलांगता का दावा करने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र।

(ii) जिस लिफाफे में आवेदन पत्र भेज रहे हैं, उस लिफाफा के ऊपर विज्ञापन सं॰ एवं पदनाम जिसके लिए आपने आवेदन किया है, अनिवार्य रूप से अंकित करें। उसपर अपना पूरा पता अंकित करें।

नोटः–

**(i) अभ्यर्थी विशेष रूप से ध्यान देंगे कि उनके द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों के साथ संलग्न स्नातक डिग्री प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र में स्नातक स्तर पर लिये गये सभी विषयों के नाम (प्रतिष्ठा विषय सहित) स्पष्ट रूप से अंकित है। जिन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र में स्पष्ट रूप से विषयों के नाम अंकित नहीं हो तो वैसे अभ्यर्थी अपने–अपने महाविद्यालय के प्रधान से स्नातक स्तर पर लिये गये विषयों के नाम के संबंध में प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे। जिन अभ्यर्थियों द्वारा स्नातक स्तर पर लिए गए विषयों की स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाएगी उनके आवेदन पत्र को स्वीकृत/अस्वीकृत किये जाने पर नियमानुकूल निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र रहेगा।**

**(ii) इस विज्ञापन के संबंध में समय–समय पर आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रकाशित की जायेगी, इस संबंध में समाचार पत्रों में अलग से सूचना नहीं दी जायेगी।**

19/4/2017

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना